# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(द्वितीय सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 29 मार्च, 2018/8 चैत्र, 1940 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - उद्योग मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 44**

----

### स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा

***329 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा कार्य निजी एजेंसी को दिया गया है; और

(ख) यदि हाँ, तो कितने वर्षों से सुरक्षा का कार्य ठेके पर चल रहा है तथा गत तीन वर्षों में कितनी धनराशि व्यय हुई; ब्यौरा दें?

----

### सीमेंट के दाम

***330 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में सीमेंट अन्य राज्य की अपेक्षा महंगा मिलता है; और

(ख) यदि हां,तो सरकार इसके दाम में कटौती करने का विचार रखती है?

----

## भूमिगत कूड़ेदान

*331 **श्री राकेश कुमार (सुन्दरनगर)ः**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि नगर परिषद् सुन्दरनगर में कितने भूमिगत कूड़ेदान किस योजना के अन्तर्गत लगाए जा रहे हैं; लागत सहित ब्यौरा दें?

----

## कांगड़ा सैन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक

*332 **श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में कांगड़ा सैन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष ने कितनी विदेश यात्राएं की; यात्राओं का उद्देश्य क्या रहा; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि के दौरान अध्यक्ष के उपयोग हेतु कितने नए वाहन खरीदे गये; पुराने वाहनों की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें; इनके रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई;

(ग) इस दौरान बैंक द्वारा 1 करोड़ एवं इससे अधिक धनराशि के स्वीकृत ऋणों की संख्या व इन खातों की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(घ) गत एक वर्ष के NPA खातों का खातावार ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजना

*333 **श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए ब्यास नदी से पेयजल योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## बच्चों का भरण

*334 **श्री अरूण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार 40 वर्ष से कम उम्र की विधवाओं के बच्चों की पढ़ाई व पालन-पोषण के लिए नई नीति बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## साक्षात्कार

***335 श्री होशयार सिंह(देहरा) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग ने देहरा मण्डल एवं उप-मण्डल ज्वालामुखी, जसवां प्रागपुर में जल रक्षक, पम्प ऑप्रेटर और फीटर के पदों हेतु साक्षात्कार लिए गये हैं;

(ख) यदि हां, तो कितने वर्कर नियुक्त किए गए; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) गत तीन वर्षों में देहरा, ज्वालामुखी एवं जसवां-प्रागपुर में कितने हैंड पंप लगाए गये है; स्थानवार ब्यौरा दें?

----

## औद्योगिक इकाइयां

***336 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) औद्योगिक क्षेत्र ज्वाली में कितने प्लॉट हैं तथा किन-किन लोगों को आवंटित किये गए; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इन प्लॉटों पर कितनी औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित की गई और कितने लोगों को रोजगार दिया गया है; और

(ग) औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित न करने वालो के विरूद्ध सरकार ने क्या कार्रवाई की है?

----

## कैंसर अस्पताल में मशीनरी

***337 श्री अनिरूद्ध सिंह(कसुम्पटी) :**
**श्री आशीष बुटेल(पालमपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय शिमला के अन्तर्गत कैंसर अस्पताल में कितनी विभिन्न मशीनें हैं; ब्यौरा दें;

(ख) सुचारू रूप से कितनी चल रही हैं तथा कितनी खराब हैं; इन्हें ठीक करवाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ग) क्या सरकार नई मशीनरी क्रय करने का विचार रखती है;

(घ) गत तीन वर्षों में कैंसर के कितने रोगी उपचार हेतु राज्य से बाहर रैफर किए गए; और

(ङ.) गत तीन वर्षों के दौरान प्रदेश को केन्द्र से कैंसर के उपचार की परियोजना (Project) हेतु कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा दें ?

----

### Detail of Beneficiary's

*338 **Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years how many persons were benefitted by the H.P Building & Construciton Board; and

(b) during this period which items were purchased and distributed; item-wise details alongwith amount spent be given?

----

### नई पाठशालाएं

*339 **श्री जवाहर ठाकुर(दरंग ) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कौन-कौन से नई प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं खोली गई; इनमें शिक्षक संवर्ग के कितने-कितने पद खाली हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें?

(ख) प्रदेश में कितने निजी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरकारी शिक्षण संस्थानों से 2 कि०मी० की परिधि में स्थित हैं; ब्यौरा जिला व श्रेणीवार दें;

(ग) सरकार द्वारा निजी शैक्षणिक संस्थानों को खोलने हेतु मापदण्ड निर्धारित हैं; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें; सरकार भविष्य में नये निजी संस्थानों को खोलने की मान्यता देगी?

(घ) प्रदेश में कितनी प्राथमिक पाठशालाओं में अंशकालीन जलवाहक के पद रिक्त हैं; ब्यौरा शिक्षा खण्डवार दें; और

(ङ.) क्या सरकार नियम 12 के अन्तर्गत रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

*340 **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इनको कब तक भर दिया जाएगा?

----

## हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज

*341 **श्री सुभाष ठाकुर(बिलासपुर) :**
**श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज जिला बिलासपुर के बन्दला में प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ; और

(ग) वर्तमान में इस कॉलेज की कक्षाएं कहाँ चलाई जा रही हैं; ब्यौरा दें?

----

## वाटर गार्डों को मानदेय

*342 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में वाटर गार्डों को कितना मानदेय/वेतन दिया जाता है; और

(ख) क्या सरकार इनके लिए स्थायी नीति बनाने का विचार रखती है?

----

## पाठशालाओं में रिक्तियां

*343 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निवार्चन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न शिक्षा संस्थानों में अध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें?

----

## पेयजल योजनाओं पर फिल्टर

***344 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनाओं पर फिल्टर लगाये गये; और

(ख) वर्तमान में कितनी योजनाएं बिना फिल्टर के चल रही हैं; ब्यौरा योजनाओं के नाम सहित दें?

----

## स्कूल प्रबंधन कमेटी

***345 श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी ) :**
**श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु(नदौन) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में स्कूल प्रबंधन कमेटी (SMC) के माध्यम से सेवाएं दे रहे; में से कितने शिक्षकों को ग्रांट इन एड दी जा रही है;

(ख) सरकार कब तक बचे हुए शिक्षकों को ग्रांट इन एड के दायरे में लायेगी; और

(ग) सरकार इनके लिए कोई नीति बनाने का विचार रखती है?

----

## Food & Fruit Processing Plant

***346 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Government will consider to establish Food & Fruit Processing plant in Solan constituency and;

(b) if yes, by when?

----

## Vacancy Position

***347 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of different categories are lying vacant in all educational institutions in the state; district wise details be given; and

(b) by when these posts will be filled up?

----

## विधायक प्राथमिकता योजनाएं

*348 **श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में घुमारवीं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग में विधायक प्राथमिकता की किन-किन योजनाओं की डी०पी०आर० कब-कब बनाई गई और कितनों की डी0पी0आर0 नहीं बनाई; ब्यौरा दें?

----

## ब्यास नदी का तटीकरण

*349 **श्रीमती रीता देवी(इन्दौरा) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या ब्यास नदी एवं छोंछ खड्ड का तटीकरण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; प्रस्तावित बजट सहित ब्यौरा दें?

----

## Vacant Posts

*350 **Sh. Nand Lal(Rampur) :**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) since when the posts of Radiologist and Eye Surgeon at MGMSC Khaneri are lying vacant; by when the posts will be filled up; and

(b) what is the sanctioned strength of doctors at MGMSC Khaneri?

----

## Polytechnic Institute Basantpur

*351 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that what steps are being taken by the Government for starting of new classes at Government Polytechnic Institute Basantpur, Tehsil Sunni?

----

## सोरता-कलाशन पेयजल योजना

*352 **श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य मंडल, करसोग के अन्तर्गत जशल-सौंवीधार उठाऊ पेयजल योजना एवं सोरता-कलाशन पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति क्या है तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है; इसका कार्य कब पूर्ण किया जाएगा ?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

*353 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर(कुल्लू) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कुल्लू जोनल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेगूबेहड़, जरी में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## जल निकासी व्यवस्था

*354 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि ऊना शहर के लिए जल निकासी व्यवस्था(drainage system) हेतु डी0पी0आर0 तैयार की गई है; यदि हां, तो कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया तथा कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

----

## सराहां महाविद्यालय

*355 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सराहां महाविद्यालय को आदर्श महाविद्यालय बनाया गया है, यदि हां तो, यहां पर किस-किस stream में शिक्षा दी जाएगी; इसके भवन का कार्य कब आरम्भ किया गया; और

(ख) कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## ट्रेड बढ़ाना

***356 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोले गए; और

(ख) सरकार ने नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आई.टी.आई चच्योट में कितने ट्रेड बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की गई; ब्यौरा दें?

----

## सामाजिक सुरक्षा पैंशन

***357 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आवेदन सामाजिक सुरक्षा पैंशन (वृद्धावस्था, विधवा एवं अपंग) हेतु लम्बित हैं; पंचायतवार ब्यौरा दें; इनको पेंशन देने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## विवेकानन्द मैडिकल रिसर्च ट्रस्ट

***358 श्री राकेश सिंघा(ठियोग) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि विवेकानन्द मैडिकल रिसर्च ट्रस्ट पालमपुर ने सरकार से प्राप्त लीज भूमि में से 90 कनाल 'काया कल्प' नामक निजी संस्थानों को ट्रांसफर की है; यदि हां, तो इससे कायाकल्प को कितनी वार्षिक आय हो रही हैं;

(ख) कायाकल्प की आय का हिस्सा मातृसंस्था विवेकानन्द मैडीकल रिसर्च संस्थान को दिया जा रहा है; यदि नहीं, तो इस आय से कौन लाभान्वित हो रहा है; और

(ग) सरकार ने इस ट्रस्ट को अधिग्रहण करने हेतु प्रस्ताव केन्द्र को भेजा है?

----

## स्वास्थ्य संस्थान

***359 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने उप-स्वास्थ्य, प्राथमिक,

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व नागरिक अस्पताल हैं;

(ख) इन संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं और कितने रिक्त हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें; इनको कब तक भर दिया जाएगा?

----

## पाठशालाओं में रिक्तियां

***360 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं; इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इनको कब तक भरा जाएगा; और

(ख) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा कितनी प्राथमिक पाठशालाओं को बन्द किया गया; ब्यौरा दें?

----

## CT Scan Machine

***361 श्री नरेन्द्र बरागटा(जुब्बल-कोटखाई ) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा एफ0आर0यू0(FRU) अस्पताल, कोटखाई के लिए CT Scan Machine को क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई है;

(ख) यदि हां, तो यह कब तक स्थापित कर दी जाएगी;

(ग) इस अस्पताल (FRU) में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(घ) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## व्हील चेयर का आबंटन

***362 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में जिला कल्याण विभाग द्वारा देहरा में विभिन्न स्कीमों के माध्यम से कितनी धनराशि मशीनों और व्हील चेयर हेतु दी गई है; ब्यौरा दें?

----

## लकड़ी स्लीपर

***363 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि जोधा निवास शिमला की पुरानी पार्किंग के साथ खाली स्थान पर लकड़ी के स्लीपर व अन्य सामान रखा हुआ है; और

(ख) यदि हाँ, तो किस के द्वारा और इस स्थान को कब तक खाली कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## पंजीकृत पौधशालाएं

***364 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में उद्यान विभाग द्वारा दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी पौधशालाएं पंजीकृत की गई;

(ख) इनमें कितने पौधे तैयार किये गये व इन्हें किस-किस नर्सरी के माध्यम से किसानों में किस दर पर बांटा गया; ब्यौरा नर्सरियों, लाभान्वित किसानों के नाम व पते सहित दें; और

(ग) इन पौधशालाओं में तैयार की जाने वाली कलमें विभाग व पौधशाला मालिकों द्वारा मान्यता प्राप्त बगीचों से ली जाती हैं; ब्यौरा दें?

----

## National Health Mission

***365 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि स्वास्थ्य विभाग ने Mission Director, National Health Mission, HP के अन्तर्गत स्वास्थ्य सेवाओं हेतु M/S Shagun Enterprises, 25 Sector 51 A, Chandigarh के माध्यम से वाहन किराये पर लिये हैं;

(ख) यदि हां, तो कितने व किस उद्देश्य हेतु; ब्यौरा जिलावार दें;

(ग) इन वाहनों के मालिक कौन हैं व इन्हें किस दर पर किराये की अदायगी की जाती है; ब्यौरा जिलावार दें; और

(घ) सरकार क्या वाहन मालिकों से सीधा अनुबन्ध करने का विचार रखती है?

----

## अतिक्रमण हटाना

*366 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि फेज-III न्यू शिमला में सड़क किनारे पैरापिटों के साथ ढारे बनाकर सड़क पर अतिक्रमण किया है; और

(ख) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा अतिक्रमण को हटाने हेतु क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

*367 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलद्वाड़ा और क्षेत्रीय अस्पताल (RH) सरकाघाट में चिकित्सकों के कितने-कितने पद सृजित हैं और उनमें से कितने रिक्त हैं; ब्यौरा श्रेणी व संस्थानवार दें?

----

## करसोग आई0टी0आई0 भवन

*368 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि आई0टी0आई0 भवन करसोग के लिए भूमि उपलब्ध करवा दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो भवन निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

----

## नगर परिषद मैहतपुर

*369 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सरकार नगर परिषद मैहतपुर बसदेहड़ा का नाम बदलकर नगर परिषद बसदेहड़ा करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## पदपूर्ति

***370 श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने आयुर्वेदिक संस्थान हैं; और

(ख) इनमें कितने पद रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## National Rural Drinking Water Programme

***371 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश को NRDWP के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा दें;

(ख) इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को कितनी-कितनी धनराशि आबंटित की गई है; ब्यौरा वर्ष एवं विधान सभा क्षेत्रवार दें; और

(ग) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कनैड़, भौर पेयजल योजना हेतु NRDWP के अन्तर्गत कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टिटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी

***372 श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई ):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जुब्बल-कोटखाई निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टिटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी की स्थापना कब की गई तथा वर्तमान में इसमें कितने ट्रेड चल रहे हैं; और

(ख) Technical Education Quality Improvement Programme के अन्तर्गत कितनी धनराशि इस संस्थान हेतु स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 14 मार्च , 2018.** **सचिव।**